पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल की बिक्री हुई बंद

युद्ध के बीच ईंधन की कमी : इधर-उधर भटकते रहे लोग

छपारा नवभारत। एशिया पूर्व खाड़ी देशों में एक हफ्ते से चल रहे युद्ध के बीच डीज़ल पैट्रोल की कमी और दरों में उछाल की आशंका की जताई जा उम्मीद आमजन में कौतूहल पैदा करने लगी है तो वहीं दूसरी ओर नगर के सांदीपनी विद्यालय के पास और लाल माटी क्षेत्र फोरलेन सड़क बायपास के समीप स्थित मुख्य दोनों पैट्रोल पम्पों में डीजल एवं पेट्रोल की बिक्री 5 मार्च को दोपहर से ही बंद कर दी गई जिससे मिली जानकारी के अनुसार सभी जरूरी कार्य को लेकर धूरेडी के दूसरे दिन गुरुवार को नगर के पैट्रोल पम्प से खाली वाहन की टंकियों सहित बेरंग लौटते हुए देखे गए वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की ओर से भी किसी प्रकार की औचक कार्यवाही कार्य प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर दिए वहीं जब पैट्रोल पम्प के कर्मचारियों से पूछताछ की गई कि किन कारणों से डीज़ल एवं पैट्रोल बिक्री बंद कर दी गई है तो स्टाक खत्म होने का हवाला दिया गया है जिसे लेकर उक्त परेशानियों को दूर करने जिला प्रशासन से आम नागरिकों के द्वारा अपील हस्तक्षेप करने की गई है।

कलेक्टर श्री नारायन ने ली विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,5 मार्च. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने गुरुवार को कलेक्टर कक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी.रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों, जिनमें जनजातीय कार्य विभाग, म.प्र हाउसिंग बोर्ड, लोक निर्माण विभाग (भवन) आदि के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों। जो कार्य समय सीमा निकल जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए हैं, लापरवाह ठेकेदारों को टर्मिनेट और ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कुछ निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई और संबंधित निर्माण एजेंसी को गति और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

धूमधाम व शांतिपूर्वक मनाया होली-धुरेड़ी त्यौहार

सिवनी नवभारत। मुख्यालय समेत जिले में होली-धुरेड़ी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी ने उत्साह से शांतिपूर्वक त्योहार मनाया। धुरेड़ी के दिन चारों ओर हवा में उड़ता अबीर-गुलाल और रंगों से लोग सराबोर दिखे।

इस मौके पर कई लोगों ने अपने मनमुटाव व आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया और होली के रंग में डूब गए। इस बार होली के त्योहार में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी थीं। होलिका दहन होने के बाद एक दिन बाद दिन भर रंगों का दौर चलता रहा। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया।

बड़े-बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने हम उम्र साथियों के साथ पिचकारियों व अन्य माध्यमों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया। दिन भर यही दौर चलता रहा। लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। होली का उल्लास इतना था कि शहर की सड़कों से जो भी निकला वह पूरी तरह होली के रंगों में रंगा हुआ नजर आया। इससे त्योहार का उत्साह देखते ही बन रहा था। देर शाम तक यही दौर चलता रहा। युवाओं ने अपने साथियों के साथ अलग-अलग तरीकों से त्योहार का लुत्फ उठाया। हर कोई होली के रंगों से रंगा नजर आया।

एक नजर में

डीपी के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन आयोजित

सिवनी। भारत विकास परिषद के तत्वाधान में स्व डी पी चतुर्वेदी के जन्मदिन पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस आयोजन में दिल्ली से आई रजनी श्रीवास्तव ने बुंदेली गीत हास्य तथा श्रंगार की रचनाओ से मंच को ऊंचाइयां प्रदान की वहीं झांसी के पंकज अंगार ने संवेदना के गीतों की प्रस्तुति दी बैतूल के हरीश पांडे ने बेटी को लेकर संवेदनशील रचनाओं की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में रमेश श्रीवास्तव जगदीश तपिश अवनीश पाठक के अतिरिक्त डीपीसी विधि महाविद्यालय के विधार्थियों ने काव्य पाठ किया कार्यक्रम के संयोजक डॉ रामकुमार चतुर्वेदी व भारत विकास परिषद ने के संयोजक गणेश गुप्ता सुनील मालू सूबोध बाझल आकाश नाहर सभी कवियों का सम्मान किया इस अवसर पर पूर्व सासद नीता पटेरिया अखिलेश यादव अन्नपूर्णा मिश्रा राजेंद्र तिवारी मूकेश मनमौजी संजय जैन संजू सतीश मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

75 परीक्षा केन्द्रों में हायरसेकेंडरी की परीक्षा सम्पन्न

सिवनी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हायरसेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025-26 अंतर्गत 5 मार्च को जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में भूगोल, कॉप प्रोडेक्शन एंड हॉर्टिकल्चर तथा शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 6313 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 6226 उपस्थित तथा 87 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं जिलास्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा बरघाट, खामी, विजयपानी सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

स्वास्थ्य संस्थाओं में 6 मार्च को मनेगा विश्व श्रवण दिवस

सिवनी। राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 6 मार्च 2026 को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय सिवनी सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जनजागरूकता गतिविधियां एवं विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला चिकित्सालय सिवनी में 6 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिकों के कानों से संबंधित रोगों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही लोगों को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी ने विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नागरिक अपने कानों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सुनने की क्षमता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसकी सुरक्षा तथा समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि तेज आवाज़ और लंबे समय तक हेडफोन/ईयरफोन के उपयोग से बचें, कान में दर्द, सुनाई कम देना या किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं, बच्चों और बुजुर्गों की सुनने की क्षमता की नियमित जांच करवाएं, कान में किसी भी प्रकार की नुकीली वस्तु या तेल/दवा बिना डॉक्टर की सलाह के न डालें। उन्होंने कहा कि विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर सभी नागरिक संकल्प लें कि अपने तथा अपने परिवार के कानों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

चांद कालेज में भारतीय शास्त्र परंपरा पर अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार

छिंदवाड़ा. शासकीय महाविद्यालय चांद में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित एवं शासकीय महाविद्यालय चांद द्वारा के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित भारतीय शास्त्र परंपरा और शिक्षा के आधुनिक संदर्भ विषय पर 13 व 14 मार्च को बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों विधि से किया जा रहा है। सेमीनार में भारतीय शास्त्रों में संचित ज्ञान निधि से आधुनिक शिक्षा प्रणाली में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने लिए मार्गदर्शन लेना चिंतन का केंद्र बिंदु रहेगा। सेमीनार के संयोजक व प्राचार्य प्रो. अमर सिंह के अनुसार इस सेमीनार में कनाडा से प्रो. वाय. एल. टेखरे, मलेशिया से प्रो. ज्ञानसेलम, फिलिपींस से डॉ. जेसी लेन एस्टेरा, बांग्लादेश से प्रो. एलहाम हुसैन एवं नेपाल से प्रो. गुलजार राउत विदेशी विषय विशेषज्ञों के साथ भारत के नामचीन विश्वविद्यालयों के भारतीय शास्त्र परंपरा में पारंगत विलक्षण विद्वान विभिन्न उपविषयों पर अपने व्याख्यान देंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाये

सिवनी नवभारत। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार 05 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर एवं कमिश्नरों की बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एनआईसी कक्ष सिवनी से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह बैठक से जुड़ीं। इस अवसर पर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान को संबंधित विभागों के साथ कार्ययोजना बनाकर जनभागीदारी के रूप में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार कर उन्हें उपयोगी बनाने तथा खेत तालाब और सरोवरों के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों और राहगीरों के लिए सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की सुलभ व्यवस्था हेतु प्याऊ लगाने तथा जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री

ने 23 मार्च से प्रारंभ होने वाले गेहूं उपार्जन कार्य को लेकर उपार्जन केंद्रों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा संकल्प से समाधान शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर नागरिकों को लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

भाई को तिलक लगाकर की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना

सिवनी नवभारत। फाल्गुन पूर्णिमा पर होली का त्योहार मनाने के बाद, द्वितीया तिथि पर भाई दूज का त्योहार मनाया गया। गुरुवार 5 मार्च को होली के बाद भाई दूज मनाई गई। हर साल में दो बार भाई दूज सेलिब्रेट की जाती है और होली के बाद वाली भाई दूज को भारत्य द्वितीया कहा जाता है।

केवलारी में भाईदूज की पूजा करने वाली बहनों में शीला पाठक, शकुन पाठक, धनवती तिवारी, माधुरी तिवारी, शिल्पी मिश्रा, सिद्दी, राशि आदि ने बताया कि होली के रंगों के बाद मनाया जाने वाला खास पर्व होली भाई दूज भाई-बहन के प्यार और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहन अपने भाई को तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती है।

शिवराज चंद्रवंशी का टेरिटोरियल आर्मी में चयन

सिवनी नवभारत। छपारा के पायली खुर्द निवासी सियाराम चंद्रवंशी श्री नंदकिशोर पटेल के नाती शिवराज चंद्रवंशी का (प्रादेशिक सेना) टेरिटोरियल आर्मी में चयन हुआ है। शिवराज वर्तमान में 20 वर्ष की आयु में उपलब्धि हासिल की है। शिवराज वर्तमान में पीजी कॉलेज से की पढ़ाई कर रहे हैं और उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है।

उनके चयन पर चंद्रवंशी (गौली) समाज में खुशी की लहर है। समाज के लोगों ने शिवराज और उनके परिवार को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने शिवराज के चयन को समाज के लिए गौरव का पल बताया

शिवराज के चयन से समाज के युवाओं को प्रेरणा मिली है और वे भी देश सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित हुए हैं। शिवराज के पिता सियाराम चंद्रवंशी ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही देश सेवा के लिए समर्पित था और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। शिवराज के चयन पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचकर उनका सम्मान किया शिवराज के चयन पर समाज के लोगों ने कहा कि यह समाज के लिए एक गर्व का क्षण है और हमें उम्मीद है कि शिवराज देश सेवा में अपना योगदान देंगे और समाज का नाम रोशन करेंगे।

जैन समाज ने मनाया अष्टांहिका महापर्व

आदिनाथ जिनालय में हुआ समयसार विधान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,5 मार्च. नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में अष्टांहिका महापर्व पर विगत आठ दिनों से चल रहे श्री समयसार महामंडल विधान की पूर्णता चैत्र कृष्ण एकम के शुभ दिन महाअर्ध समर्पित कर विश्व शांति की मंगल कामना से की गई।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि विधान आयोजक बनने का सौभाग्य श्रीमती अनीता अनूप कुमार बासल परिवार मंडला को प्राप्त हुआ। जिनके मंगल आमंत्रण पर सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावकगणों ने समयसार महामंडल विधान की मंगल आराधना की ओर 415 गाथाओं के माध्यम से आत्म से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त किया।आपको बता दें कि इस वर्ष फाल्गुन की अष्टांहिका महापर्व पर सकल जैन समाज सहित मंडल एवं फेडरेशन के महान पुण्योदय से जैन दर्शन के प्रकांड विद्वान डॉक्टर सोनू जी शास्त्री डिप्टी डायरेक्टर इसरो अहमदाबाद के मंगल प्रवचनों को सुनने का सौभाग्य प्रातः, दोपहर एवं रात्रि तीनों समय प्राप्त हुआ।आठ दिवसीय अष्टांहिका महापर्व पर आयोजित विविध अनुष्ठानों को सफल बनाने में मंडल के अध्यक्ष शान्तिकुमार पाटनी, महामंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, पंडित ऋषभ शास्त्री, संजय कौशल, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विशाल शास्त्री, आशीष कौशल, समकित जैन एवं बासल परिवार का अपूर्व योगदान प्राप्त हुआ ओर सभी ने मिलकर आत्म आराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

घंसौर के पास मोटरसाइकिल फिसली, युवक हुआ घायल

सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में देर रात एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। टोला और ईश्वरपुर गांव के बीच हुई इस घटना में 23 वर्षीय नीलेश मरकाम को गंभीर चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार युवक किसी काम से घंसौर गया हुआ था और देर रात अपने गांव पहाड़ी लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अचानक फिसल गया। नियंत्रण छूटते ही वह सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसे चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद के लिए पहल की और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण किया। हालत को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है, जिससे यहां वाहनों का आवागमन बना रहता है।

मान्यता आस्था और वीरता का दिखा अनोखा संगम, लोगों की मान्यता-मेघनाथ पर झूलने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं

धूरेडी पर देवरी कलां में पारंपरिक मेघनाथ मेले का भव्य आयोजन

छपारा नवभारत। 4 मार्च धूरेडी के पावन अवसर पर विकासखंड छपारा के ग्राम देवरी कलां में पारंपरिक मेघनाथ मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मेले में शामिल हुए। पूरे दिन मेले में आस्था, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला।

गांव के मुख्य मार्ग पर करीब 20 फीट ऊंचे मेघनाथ की स्थापना की गई थी। स्थानीय परंपरा के अनुसार मेघनाथ को शक्ति, साहस और वीरता का प्रतीक माना जाता है। मेले के दौरान कई युवाओं और श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ मेघनाथ पर झूलकर परंपरा का निर्वहन किया। मान्यता है कि इस दिन मेघनाथ पर झूलने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा गांव में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है।

मेले के दौरान पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना रहा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों और श्रद्धालुओं की भीड़ से वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में मेले में पहुंचे और इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लिया।

मेले में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानें भी लगाई गईं, जहां लोगों ने खान-पान और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की। बच्चों के लिए झूले और अन्य मनोरंजन के साधन भी आकर्षण का केंद्र रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि मेघनाथ मेला वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसे हर वर्ष धूरेडी के अवसर पर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि गांव की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को भी मजबूत करता है।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने मिलकर मेले के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई और आने वाली पीढ़ियों तक इस परंपरा को जीवित रखने का संकल्प भी लिया।

तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति हुई ठप्प,चौथे दिन शुरू हुआ सुधार

नगर परिषद के वार्ड नंबर 13,5 और 10 में पानी की किल्लत हुई, तीन दिनों के बाद नींद से जागी छपारा नगर परिषद शुरू किया मरम्मत कार्य

छपारा नवभारत। नगर में विगत 2 मार्च से परिषद के तीन वार्डों की पेयजल आपूर्ति पिछले तीन दिनों से नहीं मिल पाने से पेयजल समस्या खड़ी हो गई खाली बर्तनों को लेकर धूरेडी के दूसरे दिन 5 मार्च को लोगों को पानी लेने के लिए जद्दोजहद करते हुए बर्तन वाहनों में रखकर पानी लेने जाते देखा गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के बाजार स्थित कुम्हारी वार्ड चौराहा के पास पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन फूट गई जिससे 4 फरवरी को लगातार पानी घंटों बहता रहा वहीं एन त्यौहार पर घरों में पानी नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी हुई समस्या को लेकर छपारा नगर परिषद सीएमओ गीता बाल्मिक को संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल पर काल नहीं उठाया जिसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल से मोबाइल पर संपर्क हुआ जिसमें उन्होंने बताया कि 5 मार्च को सुबह नगर परिषद छपारा के पाइपलाइन सुधार कार्य के लिए कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं जो सम्भवतः शाम तक क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन को सुधार कार्य कर देंगे।